महत्वपूर्ण एवं खास

जनदर्शन में आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए कलेक्टर

आवेदनों पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सोमवार को जनदर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध निर्माण, राशन कार्ड, संपत्ति बंटवारा, पेंशन, बी1 नकल, आधार कार्ड संशोधन, मुआवजा सहित विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारी को निर्देश दिए कि आवेदनों का निराकरण कर मुझे सूचित करें। इसके पश्चात् कलेक्टर ने हितग्राहियों की फरियाद को ध्यान से सुनते हुए विस्तार से कारण पूछा एवं कार्यवाही के आश्वासन दिए।

मोहर्रम पर 17 जुलाई को शराब दुकान बंद रहेगा

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने मोहर्रम पर 17 जुलाई 2024 को शुष्क दिवस घोषित का आदेश जारी किया है। इस आदेश के पालन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सीमा में संचालित समस्त देशी मदिरा दुकान (सीएस-2 घघ), कंपोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ कंपोजिट), विदेशी मदिरा दुकान (एफ.एल-1 घघ) दुकानों एवम मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता, सीएस 2 (ग- अहाता), सीएस 2 (ग- कंपोजिट अहाता), एफ एल 1 (ख- अहाता) को पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग

कोरबा। बीती रात कोरबा के मध्य मुख्य मार्ग में रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने संचालित प्रतीष्ठित दुकान डिलाइट क्लॉथ में गत रात्रि लगभग 10:20 बजे आग लगने की घटना घटित हो गई। बताया जा रहा हैं की जिस वक्त यहां आग लगी, दुकान बंद हो चुकी थी और संचालक सहित कर्मचारी घर जा चुके थे। एकाएक आग लगने की सूचना फैलते ही आसपास के दुकानदारों में हडक़ंप मच गई और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। कोतवाली पुलिस और दमकल वाहन भी पहुंच आग बुझाने का प्रयास करने लगे। जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान के ऊपरी मंजिल से लगी है। दुकान के सामने से हाई टेंशन तार गुजरी हुई है और यहां पेड़ की डालियां भी लटकी हैं। ऐसी चर्चा है कि तार में आपस में शॉर्ट सर्किट होने से उत्पन्न चिंगारी के संपर्क में दुकान की सजावट के लिए उपयोग में लगाई गई ज्वलनशील सामग्री का संपर्क होने से आग बढ़ गई और दुकान के अंदर तक फैल गई है। बड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया।

कार पलटने से 10 लोग घायल

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। सकरी क्षेत्र के दलदलिहापारा में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ से उतरकर पलट गई। हादसे में कार सवार पांच बच्चों समेत 10 लोग घायल हो गए। किसी ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। इस पर डायल 112 की टीम सात मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई। टीम ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। एएसपी अर्चना झा ने बताया कि शनिवार की रात सकरी के दलदलिहापारा में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ से उतर गई। इसके बाद कार पलट गई। कार में पांच बच्चे, महिलाएं समेत 10 लोग सवार थे। सभी वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। हादसे के बाद कार लाक हो गया था। घायल लोग कार में ही फंसे थे। किसी ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। इस पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। वाहन में तैनात आरक्षक सत्यार्थ शर्मा ने किसी तरह घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने घायल की स्थिति स्थिर बताई है।

कोशिशें लाई रंग, छत्तीसगढ़ में मलेरिया के टूटे डंक

- बस्तर में अब आधे ही रह गये मामले
- राज्य में पॉजिविटी रेट 4.60 से घटकर अब 0.51 प्रतिशत

रायपुर। आरएनएस

घने जंगलों और दुर्गम क्षेत्रों वाले बस्तर संभाग में मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम हमेशा से एक कड़ी चुनौती रही है, लेकिन इसके बावजूद हालात तेजी से बदले भी हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बारिश के मौसम को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों से बस्तर सहित पूरे राज्य में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इस बारिश के दौरान मलेरिया उन्मूलन की दिशा में प्रयासों को तेज करने के मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल बीजापुर जिले के दौरे पर हैं।

छत्तीसगढ़ के मलेरिया के कुल मामलों में से 61.99 फीसदी दंतेवाड़ा, बीजापुर, और नारायणपुर से आते हैं। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता और मुख्यमंत्री के निर्देशन में किए गए कार्यों से मलेरिया के मामलों में काफी कमी आई है।

बस्तर संभाग में मलेरिया के मामलों में 50 फीसदी की कमी आई है। मलेरिया के वार्षिक परजीवी सूचकांक दर के अनुसार, 2018 में छत्तीसगढ़ में मलेरिया की दर 2.63 फीसदी थी जो 2023 में घटकर 0.99 फीसदी रह गई है। इसी तरह बस्तर में यह दर 16.49 फीसदी से घटकर 7.78 फीसदी रह गई है।

मलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 2020 से 2023 के दौरान, पहले से नौवें चरण तक मलेरिया धनात्मक दर 4.60 फीसदी से घटकर 0.51 फीसदी हो चुकी है। इस अभियान का दसवां चरण भी 5 जुलाई 2024 को समाप्त हुआ है। इस अभियान के तहत राज्य में 22 जिलों में 16.97 लाख कीटनाशक युक्त मच्छरदानियों का वितरण भी किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने 2024 की पहली छमाही में मलेरिया के मामलों की रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बस्तर जिले में 1660 केस, बीजापुर में 4441, दंतेवाड़ा में 1640, कांकेर में 259, कोंडागांव जिले में 701, नारायणपुर जिले में 1509 और सुकमा में 1144 केस दर्ज किए गए हैं। इस प्रकार, स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों में मलेरिया के मामलों की निगरानी बढ़ाने और उपचार सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, राज्य सरकार ने जनता से अपील की है कि मलेरिया के लक्षण दिखने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और समय पर उपचार करवाएं। मलेरिया के मामलों में आई यह कमी सरकार की सतर्कता और जनता की जागरूकता का परिणाम है।

छत्तीसगढ़ सरकार के निरंतर प्रयास और जनसहभागिता के कारण मलेरिया पर नियंत्रण पाने में राज्य ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो आने वाले समय में इस बीमारी के उन्मूलन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

97926 हितग्राहियों को किया जा रहा है छः प्रकार की पेंशन से लाभान्वित

महासमुंद। आरएनएस

महासमुंद जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण और उनका नियमानुसार क्रियान्वयन के लिए सजग है। समाज कल्याण की विभिन्न विभागीय योजानाओं के तहत् महासमुंद जिले में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं में 97 हजार 926 हितग्राहियों को छः प्रकार की पेंशनों से लाभान्वित किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन में 60-79 वर्ष आयु वर्ग के 30172 एवं 80 वर्ष के आयु वर्ग के 3998 इस प्रकार 34170 वृद्धावस्था व्यक्तियों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। वही इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना के तहत् 9932 विधवा महिलाओं को जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक और 59 वर्ष से कम है पेंशन धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रतिमाह उपलब्ध करायी जा रही है। जिससे वे अपना जीवन यापन अच्छे से कर सके। इंदिरा गांधी नि:शक्तजन (दिव्यांग) पेंशन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 987 लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 24 हजार 874, सुखद सहारा योजना के तहत् 9216 लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत 18747 पात्र हितग्राहियों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। ऐसे व्यक्तियों जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु, निराश्रित वृद्ध या 50 वर्ष या उससे अधिक आयु की निराश्रित विधवा परित्यक्त महिलाओं को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में नि:शक्त व्यक्तियों की पहचान से लेकर उनके सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास के लिए भी योजनाएं संचालित की जा रही है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में सर्जरी की कवायद

मोर्चा, संगठन और विभागों में होगा बड़ा बदलाव

रायपुर। आरएनएस

15 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद 2018 में छत्तीसगढ़ की सत्ता में आई कांग्रेस दिसंबर 2023 में सत्ता से बाहर हो गई। इसके ठीक 6 महीने बाद आए लोकसभा चुनाव के परिणामों में भी कांग्रेस को झटका लगा। पार्टी 2019 में जीती हुई 2 में से एक सीट इस चुनाव में हार गई। छत्तीसगढ़ की 11 में से कांग्रेस केवल 1 लोकसभा सीट ही जीत पाई। इन हारों के बीच पार्टी में अंतर्कलह बढ़ गया है। पार्टी के कई समर्पित नेता और कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दे दिया है। इससे पार्टी में फिर हताशा का माहौल है।

इस बीच इस साल के अंत में राज्य में पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव होने हैं। कांग्रेस इन चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करके फिर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाना चाह रही है। पंचायत और नगनरीय निकाय चुनावों में प्रदर्शन बेहतर करने के लिए पार्टी सुधार की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसकी शुरुआत संगठन में बदलाव से करने की योजना है। पहले चरण में पार्टी के मोर्चा, संगठन और विभागों में बदलाव होगा।

पार्टी नेताओं के अनुसार सबसे पहले निष्क्रिय और केवल बड़े नेताओं के आशीर्वाद के दम पर कुर्सी पर बैठे नेताओं की छुट्टी की जाएगी। उनके स्थान पर परफार्मेंस के आधार पर नए चेहरों को जिम्मेदारी दिए जाने के संकेत हैं। नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रकोष्ठों और विभागों में नई नियुक्तियां करने पर जोर दिया गया है। इससे पहले संगठनात्मक आंदोलनों में भी परफार्मेंस का आकलन किया जाएगा। इधर मोर्चा संगठनों में भी महिला कांग्रेस और एनएसयूआई में भी बदलाव की चर्चा है।

नियुक्तियों के लिए संगठन की ओर से प्रस्ताव तैयार कर एआईसीसी को भेजा गया है। मोर्चा संगठनों में महिला कांग्रेस में नए अध्यक्ष को लेकर तलाश पहले ही शुरू हो चुकी है। इसके लिए क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों का संतुलन बनाने की कोशिश हो रही है। संगठन के रणनीतिकारों का मानना है कि महिला कांग्रेस में एक तेज तर्रार नेतृत्व की जरूरत है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार कुछ महिला नेत्रियों की नामों पर विचार किया गया है। इनमें राज्य के 5 संभाग की महिलाएं शामिल हैं। इसी तरह एनएसयूआई के परफार्मेंस का भी आकलन वरिष्ठ नेताओं ने किया है। यहां भी बदलाव को लेकर कवायद हो रही है। इधर छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस में भी नए अध्यक्ष की नियुक्ति किया जाना है। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा का दामन थाम लिया था। इसी तरह छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष जनकराम ध्रुव के विधायक बनने के बाद उनके स्थान पर नए आदिवासी चेहरे को कमान सौंपा जाना तय है।

कुत्तों के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज, पीड़ित बोला-कार में नहीं चढ़ता तो आज जिंदा नहीं होता...

रायपुर (आरएनएस)। पिटबुल काटने के मामले में पीड़ित युवक की शिकायत पर खम्हारडीह थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने कुत्तों के मालिक के खिलाफ बीएनएस 291 के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जाँच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक, घटना खम्हारडीह के अनुपम नगर की है। टिकरापारा के मोतीनगर बारिया निवासी सलमान खान पेशे से ऑटो चालक है और पार्सल छोड़ने का काम करता है। शनिवार को सलमान अपने ऑटो में पार्सल रख खम्हारडीह अनुपम नगर मस्जिद के पास अक्षय राव के मकान गया था। जैसे ही सलमान ने गेट खोला और दरवाजा खटखटाया तो अंदर बैटे तीन कुत्तों ने दौडक़र उसके उपर हमला कर दिया।

हमले के दौरान कुत्तों ने उसे बुरी तरह से काटा था। इसी बीच सलमान ने बाहर रखी एक कार में चढक़र अपनी जान बचानी पड़ी थी। पीड़ित को गंभीर हालत में मेकाहारा भर्ती कराया गया था। यहां से उपचार के बाद पीड़ित सीधे खम्हारडीह थाने पहुंचा और मामले में शिकायत दर्ज कराई।

मारूती कार से प्रतिबंधित कोडीन सिरप जब्त

- सिरप की तस्करी कर रहा शिवदत्त शर्मा कार को छोड़कर हुआ फरार

जशपुर। आरएनएस

जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना पुलिस ने मारूती कार से प्रतिबंधित कोडिन सिरप जब्त किया है। वही मौके से शिवदत्त शर्मा कार छोडक़र फ रार हो गया है जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को रविवार को मुखबीर से सूचना मिली कि तमता निवासी शिवदत्त शर्मा अपने मारूती कार क्रमांक सीजी 12 डी 9356 में भारी मात्रा में नशीली प्रतिबंधित सिरप रखकर खपाने के उद्देश्य से तमता से डुमरबहार की ओर जा रहा है, इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल एसडीओपी पत्थलगांव एवं थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनित पाण्डेय के नेतृत्व में टीम गठित कर तमता के लिये रवाना किया गया, मुखबीर की सूचना अनुसार पुलिस द्वारा तमता पहाड़ के नीचे नाकाबंदी किया गया, वाहन स्वामी शिवदत्त शर्मा द्वारा पुलिस को देखकर अपने कार को तेजी से भगाते हुये रोड के पगडंडी रास्ते में चलाते हुये झाड़ी के पास खड़ी कर वहां से भाग गया। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर कार के सामने सीट में 01 नग वीवो मोबाईल एवं कार की डिक्की में 02 काले रंग का बैग मिला जिसमें कुल 117 नग प्रतिबंधित कोडिन सिरप मिला जिसे पुलिस ने कार सहित जब्त कर लिया। वाहन मालिक के संबंध में सायबर सेल से पतासाजी करने पर उक्त कार का मालिक शिवदत्त शर्मा का होना पाया गया। प्रकरण के फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 15 जोड़े

- कार्यक्रम में अतिथियों सहित उपस्थितों ने दिया नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद

धमतरी। आरएनएस

एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी द्वारा आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विवाह में 15 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू, विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम, महापौर नगरनिगम धमतरी श्री विजय देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने नवविवाहित इन जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

गौरतलब है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा 50 हजार रूपये दिया जाता है। इसमें 8 हजार रूपये विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन, 7 हजार रूपये मंगलसूत्र, वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री चुनरी, साफा, उपहार सामग्री, 35 हजार रूपये वधु को ड्रॉफ्ट/बैंक खाते के माध्यम से भुगतान के लिए दिये जाते हैं।

कलेक्टर सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

रायपुर। आरएनएस

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी गरिमापूर्वक मनाया जाएगा।कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तमाम तैयारियों के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड रायपुर में प्रात: 9 बजे से आयोजित होगा एवं समस्त कार्यालयों में प्रात: 07:30 बजे तथा कलेक्टोरेट में प्रात: 08 बजे ध्वजारोहण होगा। कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय पुरस्कार का वितरण किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर शानदार परेड का आयोजन होगा। जिसमें पुलिस, सशस्त्र बल और एनसीसी, छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान यातायात पार्किंग ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था पुलिस विभाग द्वारा की जाएगी। बारिश को देखते हुए समारोह स्थल पर वाटर प्रूफ पंडाल लगाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि पुलिस परेड ग्राउंड में साफ़-सफ़ाई, पेय जल तथा महिला पुरुष के लिए पृथक शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई इत्यादि की सम्पूर्ण व्यवस्था नगर निगम रायपुर द्वारा की जाएगी। समारोह में परेड के लिए उपस्थित एन. सी. सी., एन. एस. एस., स्काउट गाईड छात्रों के लिए मिष्ठान एवं अतिथियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था खनिज विभाग द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जाए एवं स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला जाए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि जिले के ऐसे परिवार जिनके सदस्य नक्सली/ आतंकवादी हिंसा या अन्य किसी कारण से देश सेवा में शहीद हुए हों उनको कार्यक्रम में ससम्मान आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/ कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुo सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना: किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से फसल नुकसान से मिलेगी राहत

रायपुर। आरएनएस

प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कृषि विभाग के मैदानी अमले के अधिकारियों को इस बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे कि प्राकृतिक आपदाओं से फसल प्रभावित होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सकें।

छत्तीसगढ़ सरकार की कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। किसान मुख्य फसल धान सिंचित, असिंचित तथा अन्य फसल मक्का, उड़द, कुटकी इत्यादि फसलों का बीमा करा सकते हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाली नुकसान से राहत दिलाई जाती है। योजना में ऋणी और अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो, शामिल हो सकते हैं। ऐसे किसान जो अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराना चाहते हैं वे नियत तिथि के पूर्व अपना फसल बीमा करा सकते हैं। इसके लिए किसान अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1 पॉचशाला खसरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बोनी प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन कराना होगा। किसान बैंक अथवा चॉईस सेंटरों के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं।

शासन द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार बेमेतरा, बस्तर, कोरिया बीजापुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, गरियाबंद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सक्ती और कांकेर जिला के लिए बजाज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, राजनांदगांव, धमतरी, कोरबा, जशपुर, नारायणपुर, खैरागढ-छुईखदान-गंडई, महासमुन्द, रायगढ़, सूरजपुर और कोण्डागांव जिला के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा दुर्ग, बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सुकमा, मुंगेली, सरगुजा, बलौदाबाजार-भाटापारा, बालोद, रायपुर, दंतेवाड़ा, बलरामपुर एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा हेतु अधिकृत किया गया है। किसानों से अपील की गई है कि वे अधिसूचित खरीफ फसलों का बीमा कराकर अधिक से अधिक योजना का लाभ लें। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए किसान क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा नजदीकी बैंक शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है।